हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

10 श्री सोमनाथ मंशा देवी मंदिर में नवरात्र की छठ पर लगा मेला



10 प्राकृतिक शैक्षणिक माहौल देकर छात्रों की दिशा और दशा को बदलने....



## खबर संक्षेप

### गली में बैठी महिला के पांव पर चढ़ी कार, केस

**जींद।** मकान के बाहर सीढ़ी पर बैठी महिला के पांव पर तेज रफ्तार कार चढ़ गई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सफीदों निवासी नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान के बाहर सीढ़ी पर बैठी थी। उसी दौरान तेज रफ्तार कार गली में आई। जिसका टायर उसके पांव पर चढ़ गया।

### मां-बेटी को नशीला पदार्थ सुंघाकर आभूषण ठगे

**कैथल।** चीका में एक बाइक सवार युवक ने महिला व बेटी सहित अन्य परिजन से रूमाल सूंघाकर मुरकी व नाक से कोका निकाल लिया। चीका थाना में दी शिकायत में वार्ड नंबर 17 बदसुई रोड निवासी रोशनी ने बताया कि दो अप्रैल को तीन बजे वह और नरसा व छोटी बेटी काजल बाजार से घर पैदल पैदल जा रही थी।

### दुधिए पर हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** गांव हथो के निकट दुधिए पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हथो निवासी गुरदेव ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह नरवाना में दूध बेच कर बाइक से घर लौट रहा था। गांव के निकट ही गांव बयानाखेड़ा निवासी अंकित व साथी कार में सवार हो पहुंचे थे।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र के एक गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना तितरम पुलिस की लेडी एएसआई अमरजीत द्वारा पीड़िता के पति सुभाष नगर कैथल निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 29 नवंबर 2015 को पवन उपरोक्त के साथ हुई थी।

### गांव सजूमा से महिला दो बच्चों सहित लापता

**कैथल।** कलायत के गांव से सजूमा से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ बिना बताए घर से लापता हो गई। गांव के एक व्यक्ति ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 मार्च को सुबह करीब 9:00 बजे उसकी 36 वर्षीय साली उसके दो 10 व 12 साल के बेटों के साथ बिना बताए घर से चली गई। उसने उनके आसपास का भी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### आंगनबाड़ी केंद्र से चुराया राशन

**कैथल।** भालंग गांव से आंगनबाड़ी केंद्र से चोरों ने राशन चोरी कर लिया। इस मामले में राजौंद थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजौंद थाना में दी गई शिकायत में खेड़ी शेरखां निवासी सुनीता ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से आंगनबाड़ी वर्कर के पद पर तैनात है। 20 मार्च 2021 से उसके भालंग गांव की आंगनबाड़ी केंद्र का अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है।

### दुकान से लाखों रुपये के मोबाइल चोरी

**कैथल।** हैफेड रोड चीका में एक मोबाइल की दुकान पर काम करने वाला युवक ही दुकानदार के करीब पौने पांच लाख रुपये के मोबाइल चोरी करके ले गया। युवक दुकान पर मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था, जो पिछले दो महीने से कार्यरत था।

### झूठा हलफनामा देने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** अदालत में धोखाधड़ी के मामले में आरोपी की जमानत के लिए झूठी गवाही व झूठा हलफनामा देने के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस के एसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा आरोपी जिला जींद के गांव झील निवासी मोनु को गिरफ्तार कर लिया गया।

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने पांचवी बार 12 टेंडर लगाए, अब तक जिले में कुल 11570 क्विंटल सरसों खरीदी

# जींद में गेहूं खरीद के लिए उठान-लेबर के टेंडर बने परेशानी

### चार टेंडर लेबर के तो आठ टेंडर उठान के होने बाकी है

## टेंडर नहीं लगने से मंडियों में गेहूं की आवक होने पर होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर की अनाज मंडियों में गेहूं के उठान व लेबर के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 55 टेंडर लगाए थे। इनमें से चार बार में 43 मंडियों के टेंडर हो चुके हैं जबकि पांचवी बार 12 मंडियों के टेंडर फिर से लगाए गए हैं ताकि इसमें ठेकेदार शामिल होकर मंडियों में उठान व लेबर का काम शुरू कर सके। जिले में वीरवार को 910 क्विंटल सरसों की खरीद हुई। अब तक जिले में कुल 11570 क्विंटल सरसों खरीद गई है। इसके अलावा 2360 क्विंटल का उठान वीरवार को हुआ जबकि कुल उठान 7090 क्विंवटल सरसों का हो चुका है। जिले में पिछले एक महीने से टेंडर की प्रक्रिया चली हुई है। प्रशासन ने कई बार टेंडर लगाए लेकिन इसमें ठेकेदार शामिल नहीं हुए इसके कारण यह टेंडर बार बार लगाने पड़ रहे हैं। अब वीरवार को भी टेंडर जारी किए गएए लेकिन अब भी 12 टेंडर बाकि हैं। इसमें चार टेंडर लेबर के तो आठ टेंडर उठान के होने बाकि हैं। इसके लिए विभाग ने ठेकेदारों से आवेदन मांगे हैं। यह टेंडर ऑनलाइन लगाए गए हैं। इसमें लेबर के टेंडर फरैण कलां, लुदाना, मुआना व सिवानामाल गांव के लगाए गए। इसके अतिरिक्त उठान के टेंडर भंभेवा साइलो, ढाठरथ, डिडवाड़ा, फरैण कलां, फतेहगढ़, हाट, मुआना व सद्बक्तीदों मंडी के लगाए गए हैं। इन टेंडरों के जारी होने के बाद ही मंडियों में गेहूं खरीद व उठान का काम शुरू हो पाएगा।



जींद। मंडी में सरसों की सफाई करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### 36 मंडियों में तैयारी पूरी

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियं9क राजेश आर्य ने बताया कि फिलहाल चार मंडियों में लेबर व आठ में उठान के टेंडर होने बाकि हैं। इनके लिए आवेदन मांगे गए हैं। मंडियों में किसानों की सुविधाओं के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करवाई गई। किसान मंडी में गेहूं सूखने के बाद ही लेकर आएंए ताकि आते ही मंडी में गेहूं बेचा जा सके। जिले की सभी 36 मंडियों में गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी हैं।

### गेहूं खरीद प्रारंभ नहीं

जींद समेत कई मंडियों में अभी तक गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। इसके अलावा नरवाना की मंडी में बुधवार को गेहूं की आवक हुई थी। इसमें नमी की मात्रा 18 प्रतिशत तक होने के कारण खरीद नहीं हो पाई। मंडियों में फिलहाल गेहूं की आवक शुरू होने में रविवार तक का समय लगने की उम्मीद है।

### गेहूं सुखाकर मंडी में लाएं

**पाई।** पाई अनाज मंडी में किसानों की गेहूं की फसल न आने के कारण आज खरीद के तीसरे दिन भी खरीद का कार्य शुरू नहीं हो सका। मार्केट कमेटी सचिव जोगिंदर सिंह पेशियां ने बताया कि कमेटी द्वारा किसानों की गेहूं की फसल बेचने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पाई अनाज मंडी व करोड़ा खरीद केंद्र के अंदर बिजली पानी व किसानों के गेट पास काटने जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जिस समय किसानों की गेहूं की फसल सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार मंडी में आएगी तो उसकी तुरंत बिक्री कर दी जाएगी। उन्होंने किसानों से भी अपील की है कि वह अपनी गेहूं की फसल पूरी तरह से सुखाकर व साफ करके ही अनाज मंडी में लेकर आए ताकि उनको बेचने में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने आढ़तियों व किसानों से कहा कि यदि उनको फिर भी कोई समस्या हो तो वह तुरंत उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### तीसरे दिन एक भी किसान गेहूं लेकर नहीं आया मंडी

**जींद।** उचाना में गेहूं खरीद के दूसरे दिन मंडी, छात्तर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर गेहूं की ढेरी नहीं आने के चलते गेहूं की खरीद नहीं हो पाई। गेहूं की खरीद को लेकर प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। बिजली, पानी का प्रबंध करने के साथ-साथ साफ.-सफाई पर भी ध्यान दिया गया है। पुरानी मंडी के अलावा अतिरिक्त मंडी में गेहूं की फसल उतरने के चलते जो जाम की स्थिति होती थी वो अब नहीं होती है। अतिरिक्त मंडी में अभी से आढ़तियों द्वारा गेहूं उतारने के लिए जगह भी तय कर ली गई है। छात्तर सब यार्ड, घोघडिया, धनखड़ी एवं काब्रच्छा परचेज सेंटर पर भी खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध किए है।

### मौसम के बिगड़े तेवरों से किसानों की परेशानी बढ़ी

**जींद।** मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों की परेशान को बढा दिया है। आकाश में बादल छाने के साथ आंधी के आसार बने रहे। मौसम के तेवरों से किसानों के माथे पर बल साफ देखने को मिले। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल कट रही है। सरसों मंडियों में पहुंच रही है। ऐसे हालातों में मौसम खराब होता है तो कामकाज प्रभावित होगा। वीरवार को अधिकतम 36 तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया। मौसम में आद्रता 38 % तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से मौसम मे बदलाव आया है। मौसम शुष्क तथा गर्म बना रहेगा।



पूंडरी। मंडी आढ़तियों के साथ बैठक करते विधायक सतपाल जांबा।

## आढ़ती व किसान धैर्य रखें, समस्या नहीं आने दी जाएगी : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

अनाज मंडी एसो कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जेपी उर्फ जयप्रकाश मूंदड़ी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गेंहू के सीजन को देखते उसमे होने वाली समस्याओं से बैठक में मुख्य रूप से पहुंचे हल्का विधायक सतपाल जांबा को अवगत करवाया गया। मंडी प्रधान व आड़तियों ने विधायक जांबा को बताया कि पिछले चार वर्षों से पूंडरी अनाज मंडी का लिंक साइलो गोदाम सोलुमाजरा में होने के चलते, पूंडरी मंडी के किसानों का गेंहू साइलो में जाता था। इस बार अधिकारी कह रहे हैं कि साइलो में जगह न होने की वजह से मंडी में ही गेहूं डाला जाएगा। आढ़तियों के सामने सबसे बडी समस्या लेबर को लेकर है। ऐसे मौके पर उनके पास पर्याप्त मजदूर नहीं है। ऐसे में गेंहू उतराई, लोडिंग व तुलाई कैसे करवाएंगे। लेबर का भी इंतजाम हो जाता है तो मंडी में पर्याप्त स्पेस गेंहू डलवाने का नहीं है। अभी तक पूंडरी मंडी का लिंक भी साइलो में है या फिर उसे वहां से हटवाया जाए। गेंहू के सीजन में फसल एकदम से आ जाती ऐसी स्थिति में आढतियों व किसानों को बहुत समस्या आ सकती है।

### मंडी में डलवाई जाएगी गेहूं

आड़तियों की समस्या सुनने के बाद विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि वे मंडी के मसले को लेकर खरीद एजंसी के उच्चाधिकारियों से मिल चुके हैं। साइलो में इस बार गेंहू डलवाने का पर्याप्त स्पेस नहीं है। जितना स्पेस है उसमें ढांड मंडी का गेंहू जाना है। इसलिए इस बार गेंहू अनाज मंडी में ही डाला जाना है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

- सडक पर खाद्य सामग्री व अन्य सामान बेचने वाली रेहड़ी हटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर में बृहस्पतिवार को फिर से नपा ने सडकों से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसके तहत अनाज मंडी में मां दुर्गा मंदिर के पास सडक पर खाद्य सामग्री व अन्य सामान बेचने वाली रेहड़ियों को हटाया गया। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा मंदिर के पास अकसर रेहड़ियों के आसपास भीड़ जमा रहती है। इसके चलते अनाज मंडी में धान सीजन के समय जाम की स्थिति बनती है। इससे हादसे की संभावना न बने इसलिए अतिक्रमण हटाओ अभियान को गतिमान किया गया। अभियान के तहत सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा ने सामान बेचने वाले रेहड़ी संचालकों को सडक की बजाए इधर-उधर गलियों में सुरक्षित स्थान पर अपने कार्य करने की अपील की। रेहड़ी संचालक अन्य स्थानों पर रोजगार के लिए स्थान तलाशते दिखे। दीगर है कि नपा प्रशासन ने निकाय आम चुनाव के उपरांत सोमवार को पहली बार अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की।




कलायत। अनाज मंडी में रेहड़ी संचालकों को सुरक्षित स्थान पर अपने कार्य करने की अपील करते नपा सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

# सीएनजी लोड कैंटर में सिलेंडर रिसाव से मचा हड़कंप

## काफी देर बाधित रहा जींद-सफीदों मार्ग, वाहनों की लगी लंबी लाइनें

- केंटर के सुरक्षित हटाने के बाद अमले ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव निर्जन के निकट जींद-सफीदों मार्ग पर वीरवार को सुबह सीएनजी गैस से भरे कें टर से सिलेंडर में रिसाव होने से हडकंप मच गया। मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों का जाम लग गया। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड के साथ अमला मौके पर पहुंचा। गैस सिलेंडर के खाली होने पर कैंटर को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। जिसके बाद ही यातायात व्यवस्था बहाल हो पाई। कैंटर में 50 के लगभग सीएनजी गैस सिलेंडर फिट थे।

गांव खापड़ निवासी प्रदीप वीरवार को सफीदों के निकट गांव जयपुर से कैंटर में फिट सीएनजी सिलेंडरों को ऑनलाइन रिफल करवा कर नरवाना जा रहा था। गांव निर्जन के निकट चालक को कैंटर से गैस की दुर्गंध आई। जिस पर उसने गाड़ी को मार्ग पर रोक दिया। जिस पर उसने कैंटर के ऊपर चढ़ कर देखा तो सिलेंडर का पाईप निकला हुआ था। जिस पर उसने जींद-सफीदों मार्ग पर आ जा रहे वाहनों को इशारा कर दूर रहने के लिए कहा। जिसके चलते मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

चालक ने एक गैस सिलेंडर को खाली होने दिया। फिर अस्थायी तौर प्रबंध कर रिसाव को रोका। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी तथा अमला मौके पर पहुंच गया और गैस रिसाव रूकने के बाद कैंटर को गंतव्य की तरफ रवाना किया। कैंटर के सुरक्षित निकल जाने पर वहां पहुंचे अमले ने राहत की सांस ली।




जींद। सीएनजी गैस सिलेंडर का टूटा पाइप। *फोटो :हरिभूमि*

# स्कार्पियों की टक्कर से बुलेट सवार दो विद्यार्थियों की मौत, एक घायल

- सौरभ करसिंधू गांव के कॉलेज में बी फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के नजदीकी गांव नारा के पास स्कार्पियों व बुलेट की टक्कर में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में युवक की पहचान सफीदों की राजीव कालोनी निवासी सौरभ (22) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार सफीदों की राजीव कॉलोनी का रहने वाला सौरभ (19), झांझ कलां गांव का रविश (22) और पानीपत की दत्ता कॉलोनी निवासी चिराग सफीदों के गांव करसिंधु स्थित एक कॉलेज में बी फार्मेसी द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रहे थे। गुरूवार को सफीदों का सौरभ व गांव झांझ कलां का रविश क्लासमेट चिराग को मडलौड़ा से लेने के लिए गए थे। तीनों युवक बुलेट पर थे। बाइक के आगे-आगे बस चल रही थी। गांव नारा से आगे पावर स्टेशन के सामने युवकों ने बाइक अचानक बस को ओवरटेक करते आगे निकालनी चाही तो सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी से जा टकराए। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सौरभ दो भाई थे और सौरभ छोटा था। मृतक सौरभ के पिता प्रेम बिजली निगम में एएफएम के पद पर कार्यरत हैं तथा उसकी मां अध्यापिका हैं। सौरभ का परिवार कई साल पहले गांव मुआना से आकर सफीदों में बस गया था। सौरभ करसिंधू गांव के एक कॉलेज में बी फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा था।



### चार किलोग्राम गांजा के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने सफीदों बाईपास से दादी सती रोड पर व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से चार किलोग्राम गांजा बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना सफीदों को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर सफीदों बाईपास से दादी सती रोड से पैदल गांव खेड़ा खेमावती की तरफ जाएगा। सूचना के आधार पुलिसकर्मियो ने दादी सती रोड पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक व्यक्ति थैला लिए दादी सती रोड पर आया। जो पुलिसकर्मियो को देखकर वापस जाने लगा। पुलिसकर्मियो ने जब व्यक्ति को काबू कर उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन चार किलोग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में व्यक्ति की पहचान गांव खेड़ाखेमावती निवासी सियाराम के रूप में हुई।

# घर में आग लगने से लाखों का सामान राख

## फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर की क्योड़क बस्ती में बुधवार रात के समय शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। आग के कारण से मकान और उसमें रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया, लेकिन परिवार के लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया है। परिवार के एक युवक की शादी कुछ दिन पहले ही हुई थी। युवक को जो सामान शादी में मिला था, उसे अभी तक कमरे में भी नहीं रखा था। वह भी सारा सामान जल गया। आग से करीब सात लाख रुपये का सामान जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि परिवार व आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन लगातार बढ़ती गई। इस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार के सदस्य अनूप ने बताया कि वे तीन भाई हैं। सभी मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। घर में केवल महिलाएं और बच्चे थे। इस दौरान अचानक आग लग गई और और विकराल रूप धारण कर लिया। परिवार ने बाहर निकलकर बचाव किया। बताया कि आग के कारण बेड, टीवी, अलमारी, कूलर, फ्रिज व पंखे सब जल गए। यहां तक कि पहनने के कपड़े व चारपाई तक भी नहीं बच पाई। घर की मालकिन रोते आग लगने का कारण बता रही थी।

### टीम ने काबू पाया

दमकल केंद्र अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गई थी। जब तक आग पर काबू पाया, तब तक सामान जल चुका था। उन्होंने बताया कि लाखों रुपये का सामान जलने की आशंका है।

## बुलेट की मार्फत पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वालों पर कार्रवाई

# चालान कर 25. 89 लाख रुपये जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक एसएचओ एसआई राजकुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस ने बुलेट से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान मार्च माह दौरान एसी 135 बुलेट के चालान किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मार्च माह के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। माह के दौरान यातायात पुलिस ने नियमों की उल्लंघना करने के मामले में 80 इम्पाउंड व्हीकलों सहित कुल 3169 चालान किए गए।

गत माह के दौरान पुलिस ने चालको से 25 लाख 89 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूल किया। प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा मुख्य रूप से वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 240, लाइन चेंज के 108, बिना हेलमेट के 255, ओवर स्पीड के 482, रोंग साइड के 611, बिना सीट बेल्ट के 390, शराब पीकर ड्राइविंग के 13, मोबाइल प्रयोग के 3, ब्लैक फिल्म के 7 तथा अंडर एज के 7 चालान किए गए है। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि आमजन वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतते है जिस लापरवाही की वजह से हम खुद को दूसरों को और अपने परिवार के साथ धोखा करते है जिससे कि जान माल का नुकसान भी होता है। कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है।




कैथल। चालान काटने व ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे जागरूकता

# वन विभाग का गार्ड तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने वीरवार को हांसी बुटाना नहर किनारे लकड़ियां ले जाने पर नोटिस देने की एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में वन विभाग के गार्डन तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी जयपाल पंनसालियां को शिकायतकर्ता से छह हजार रुपये की नकद राशि के साथ करोड़ा गांव में रंगों हाथ व विभाग में गार्ड के तौर पर कार्यरत सह आरोपी हरदीप को कैथल शहर के कॉलेज के बाहर से गिरफ्तार किया है। कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर महेंद्र के नेतृत्व में की है। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें करोड़ा गांव की महिला के पति ने शिकायत दी थी कि उसकी पत्नी अन्य औरतों के साथ नीचे गिरी हुई लकड़ियों को उठाने के लिए हांसी बुटाना नहर के किनारे गई थी। उस दौरान आरोपी जयपाल पंनसालियां ने मोबाइल फ़ोन के माध्यम से 12 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। पंनसालियां के साथ हरदीप ने फोन और रिश्वत की मांग की। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम का गठन किया गया था।



**खबर संक्षेप**

## हमला कर महिला को किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव सिंसर में महिला पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिंसर निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी सहेली के साथ गांव की चौपाल के सामने से गुजर रही थी। उसी दौरान परिवार के ही सुखविंद्र ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई।

## हमले में दंपती घायल तेरह के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रोहड़ में कहासुनी के चलते हमला कर दंपती को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रोहड़ निवासी गुरदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रक लेकर घर आ रहा था। गांव के बस अड्डे पर गांव के ही मदन परिवार ने बाइक अड़ा कर रास्ता रोक लिया और झगड़ने लगे। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई।

## फ्री हृदय जांच शिविर का आयोजन कल

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि आगामी पांच अप्रैल को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मेट्रो हार्ट इंस्टिटूट नोएडा के सीनियर कर्डियोलॉजिस्ट मुमुक्षू की टीम हृदय जांच व अन्य मेडिकल चेकअप की सेवाएं प्रदान करेगी।

## गेस्ट टीचर्स को हटाना बंद कर नियमित करें

**जींद।** हरियाणा स्कूल अध्यापक संघ ने राज्य कमेटी की ऑनलाइन बैठक कर संयुक्त प्रस्ताव पारित किया। इसमें मौलिक शिक्षा निदेशक हरियाणा के माध्यम से सरकार की कौशल टीचरों को हटाने की नीति का कड़ा विरोध किया। इस पत्र को वापस लेकर सभी कौशल टीचरों, गेस्ट टीचर, कंप्यूटर टीचर एवं एनएसक्यूएफ टीचरों को तुरंत प्रभाव से नियमित करने की मांग की।

## श्री श्याम अर्जी निशान पैदल यात्रा का आयोजन आठ को

**जींद।** श्री श्याम प्रचार महिला समिति जींद द्वारा आठ अप्रैल को श्री श्याम अर्जी निशान पैदल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। पैदल यात्रा श्री राम मंदिर रानी तालाब जींद से आरंभ होकर बनखंड महादेव श्री श्याम मंदिर तक पहुंचेगी। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना और श्रद्धालुओं को श्याम की भक्ति की ओर प्रेरित करना है।

## स्वागत समारोह का आयोजन किया

**जींद।** इनेलो कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसके लिए जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य सम्मानकर्ता पार्टी के प्रदेषाध्यक्ष रामपाल माजरा पहुंचे और समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामफल कुंडू ने की। प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र रेढू जिन्हें पार्टी द्वारा जींद जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उन्हें सभी कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया।

## रा.स्कूल में दाखिला लेने के लिए किया जागरूक

**जींद।** राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां में सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए जागरूकता फैलाने हेतु ग्राम भ्रमण अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राचार्य अशोक कुमार नैन शामिल रहे।

## पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**नरवाना।** के एम राजकीय कालेज नरवाना द्वारा जैव विविधता संरक्षण पर एक पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 3 अप्रैल को आयोजित की गई जिसका उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण के महत्व को समझना और जागरूकता बढ़ाना था। पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

### भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की

# श्री सोमनाथ मनसा देवी मंदिर में नवरात्र की छठ पर लगा मेला

### आज जयंती देवी मंदिर में लगेगा भव्य मेला

मां की अर्चना का खास महत्व होने से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री सोमनाथ मनसा देवी मंदिर में नवरात्र की छठ पर गुरूवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। इससे पहले भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां भगवती की पूजा अर्चना की। मंदिर की प्रबंधक समिति ने मेले को देखते पहले ही पुख्ता इंतजाम कर लिए थे और श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में किसी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं आए, इसी को ध्यान में रखते आने-जाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। नवरात्रों के छठे दिन श्री सोमनाथ मंशा देवी मंदिर में मेला भरता है। यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु माता कात्यायनी की पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। आज जयंती देवी मंदिर में लगेगा मेला जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र की सप्तमी पर चैत्र व शारदीय नवरात्र में हर वर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार जयंती देवी मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया गया है। श्रद्धालु अल सुबह ही मंदिर परिसर में पहुंच कर मां जयंती की पूजा अराधना करते हैं। मंदिर में नवरात्रों के दिनों के दौरान लगने वाले इस मेले में जींद ही नहीं, देश-प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दिन मंदिर में मां की अर्चना का खास महत्व होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मां जयंती के नाम से ही शहर का नाम जींद रखा गया हैं। इसलिए शहरवासियों की कुलदेवी होने के कारण हर वर्ष सप्तमी पर यहां मेला लगता हैं। शास्त्री ने कहा कि मां तक पहुंचने का साधन है श्रद्धा। श्रद्धा वह है जो लाभ-हानि, जय-पराजय, सफलता-असफ लता में अविचल-अटूट-अडिग बनी रहे। अटल विश्वास, अटूट श्रद्धा की शक्ति असीम है। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि शक्तिस्वरूपा मां वैष्णवी करूणा, वात्सल्य व आनंद का भंडार है। उनसे कुछ भी मांगने की जरूरत नही, जरूरत है तो उनके समीप बैठने की, अपने आपको उनके समीप, उनके भीतर अथवा उनको अपने अंदर अनुभव करने की। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। महायज्ञ में विनोद , डा. एमएल गेरा, डा. नीलम गुप्ता, डा. नवजोत एवं डा. अमित गुप्ता, डा. आरएस सिंधवानी व राजेश , हरबंस मंगला, सुरेश कोचर व पूर्ण गिरधर ने सपरिवार भगवती स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि हम जागरण, चौकी अथवा संकीर्तनों में मां की महिमा का गुणगाान करते हैं, तो क्या यह उनको प्रसन्न करने के लिए हैं, कदापि नही। क्योंकि मां तो सदैव प्रसन्न हैं, उनमें अप्रसन्नता की कल्पना करना भी अज्ञानता का सूचक है। हमें मां के दिव्य गुणों का बार-बार स्मरण कर स्वयं अपने भीतर उनका आह्वान करना है, स्थापन करना है, जिससे हम अपने अंतःकरण में पवित्रता आनंद व दिव्य तेज का अनुभव कर सकें, आचार्य ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य से ऊर्जा, ऊष्णता व प्रकाश प्राप्त करने के लिए उनके सम्मुख बैठने की जरूरत है, उसी प्रकार मां का कृपापात्र बनने के लिए उनके चरणावृंद में बैठने की जरूरत है।



जींद। सोमनाथ मंदिर परिसर में लगे मेले में खरीदारी करते श्रद्धालु।



जींद। जयंती देवी मंदिर परिसर में मां की भेंटें सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

- राजकीय महाविद्यालय सफीदों में नशामुक्ति पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

राजकीय कालेज में नशामुक्ति पर सेमिनार हुआ। अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। वहीं बतौर मुख्य वक्ता एएसपी सोनाक्षी सिंह ने शिरकत की। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने एएसपी सोनाक्षी सिंह का बुके देकर अभिनंदन किया।

छात्रों ने मुख्यवक्ता से नशामुक्ति और साइबर क्राइम से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका एएसपी सोनाक्षी सिंह ने उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। अपने संबोधन में एएसपी सोनाक्षी सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवा खुद तो नशे से दूर रहे ही साथ ही साथ अन्य लोगों को नशे के प्रति जागरूक करें। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे किसी भी मुसीबत के समय पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 व 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना आवश्यक है।



सफीदों। एएसपी सोनाक्षी सिंह का अभिनंदन करते प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा।



जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

## जयपाल की नवमी पुण्यतिथि पर किया हवन

**जींद।** गांव पांडू पिंडारा में समाजसेवी जयपाल पिंडारा की नवमी पुण्यतिथि पर यज्ञ किया । उनके पुत्र दीपक पिंडारा सहित अन्य मौजिज लोगों ने यज्ञ में आहूति डाली। कहा कि स्व. जयपाल पिंडारा ने अपने जीवनकाल में अनेकों सामाजिक कार्य किए। जिनमें गांव पांडू पिंडारा में तीर्थ पर भव्य द्वार का निर्माण व तीर्थ के नवीनीकरण के लिए करोड़ों की राशि जैसे सामाजिक कार्य उनके जीवनकाल की उपलब्धियां रही। उनका पूरा जीवनकाल समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा गरीबों व मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ी। इसके अलावा जयपाल पिंडारा व उनके स्व. पिता मोल्ड राम को जब भी सरपंच की जिम्मेवारी दी गई, तब-तब उनके द्वारा गांव पांडू पिंडारा में अनेकों विकास कार्य किए गए। आज उनकी पुण्यतिथि पर सैंकडों गणमान्य व्यकित मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में 110 यूनिट खून एकत्रित

**जींद।** आईटीआई जींद में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस कैंसर विभाग बाढसा जिला झज्जर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वास्तव में किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन बचाने के लिए रक्तदान महादान है। युवाओं को रक्तदान जैसे महान कार्यों में शामिल होना चाहिए। रक्तदान करने से किसी व्यक्ति का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। रक्त का कोई विकल्प नही है। इसलिए सभी को इस महान कार्य में शामिल होना चाहिए। रक्तदान शिविर में 110 छात्र व छात्राओं ने रक्तदान किया। आईटीआई के प्रधानाचार्य अनिल कुमार गोयल ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर मनोबल बढ़ाते हुए निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका ने स्थानीय जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों, हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधत जानकारी दी। इसके अलावा सीजेएम ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकता है। इस संबंध में लिखित दरखास्त जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के कार्यालय में भेजनी होती है। महिला जेल बंदियों को समय. समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी। उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य जांच, कानूनी जागरूकता के विषय में संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



जींद। जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## सुदर झांकियों से मोहा सबका मन

**नरवाना।** अग्रवाल धर्मशाला में चल रही संगीतमय के पांचवें दिन आचार्य सुरेन्द्र शर्मा ने अपनी मधुर वाणी द्वारा श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बुधवार की कथा राम जन्म उत्सव का बड़ा सुदर चित्रण किया था और राम जन्म उत्सव मनाया जिसमें बाबा भोलेनाथ गणों के साथ राम जन्म उत्सव में अयोध्या नगरी पधारे और राम जन्म उत्सव मनाया। सुदर झांकियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा आयोजक संजीव गर्ग बताया कि काफी संख्या में महिलाएं बच्चे ओर पुरुष कथा व्यास आचार्य सुरेन्द्र शर्मा के मधुर भजनों पर झूम झूम कर नाचने पर मजबूर हो गए। वीरवार को राम?कथा?? के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए ? कथा व्यास आचार्य सुरेन्द्र शर्मा ने राम विवाह का? सुदर? त्रितण करते हुए राम द्वारा धनुष तोडने ? राम सीता ?विवाह ?का बहुत ही सुन्दर गुणगान किया।

## प्रवेश उत्सव मनाया

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला उझाना में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का बलवान की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें सरपंच सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे। इनके साथ.साथ प्रयास सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमारए उनकी पूरी टीम एवं अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन समिति प्रदीप मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आज कार्यक्रम में छोटे.छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से गांव से पहुंचे सभी गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक गण का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति देखकर गांव के अनेक लोगों ने पुरस्कार देकर उनका हौसला भी बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम की उत्तम व्यवस्था सुरेंद्र कुमार एवं सुशील कुमार ने की। परीक्षा परिणाम घोषित नरेश कुमार ने किया जिसमें कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक सभी बच्चे अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।




नरवाना। रैली निकालते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## खरीद व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग

जींद। भाकियू ने वीरवार को अनाज मंडियों में बारदाने की कमी तथा ढुलाई टेंडर जारी करने की मांग को लेकर मार्केट कमेटी सचिव संजीव जागड़ा को मांग पत्र सौंपा ताकि अनाज मंडियों में गेहूं खरीद की व्यवस्था जल्दी पूरी हो सके। भाकियू के जिलाध्यक्ष बारू राम के नेतृत्व में मार्केट कमेटी सचिव को सौंपे मांग पत्र में बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हुए तीन दिन हो चुके हैं। मंडी में फड़ों तथा फसल रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नही की गई है। सरसों बेचने वाले किसानों का कहना है कि फसल का वजन सही नही हो रहा है और उठान भी समय पर नही हो रहा है। मंडी में लेबर तथा उठान की व्यवस्था भी नही है। जिसे जल्द दुरूस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की कमी है। अभीतक फसलों को उठाने के टेंडर भी जारी नही हुए हैं।




जींद। रोष जताते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## एसई की कार्यशैली को लेकर रोष

**जींद।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मियों का रोष प्रदर्शन गुरूवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रधान राजीव जुलानी तथा संदीप लाठर ने काह कि अधीक्षक अभियंता ने सर्कल कमेटी के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया है, उससे सगंठन की गरीमा को ठेस पहुंची है और संगठन ने अधीक्षक अभियंता ने जो सर्कल सचिव जींद को जो पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती है। अधीक्षक अभियंता के सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की लगातार धज्जिया उड़ाई जा रही हैं। क्योंकि वो लगातार अनाप श्नाप ट्रांसफर ऑर्डर जारी कर रहे हैं। सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा ने कहा की इसी के रोष स्वरूप तीन दिवसीय रोष बैठकें करने का निर्णय लिया गया है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार कर रही हर वर्ग के कल्याण के लिए काम : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- सरकार ने युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ने का किया काम

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। दलजीत मलिक ने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश नई बुलंदियों को छूने का काम करेगा। देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी देने का जो काम किया जा रहा है, वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। आज प्रदेश में युवाओं को नौकरी के लिए न तो किसी विधायक और मंत्री के पास जाना पड़ता है और न ही उसे अपनी जमीन और घर बेचना पड़ता है। दलजीत मलिक ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश में जिस प्रकार से राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाने का काम किया है। उससे प्रदेश के हर नागरिक को फायदा हुआ है। आज एक शहर से दूसरे शहर की दूरी सिमट कर रह गई है। उन्होंने कहा कि जहां पूरे देश में गरीबी की रेखा एक लाख रुपये सालाना आय तक मानी जाती है। वहीं हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये सालाना कमाने वाले परिवार को भी गरीबी में शामिल किया गया है और उसे वही सभी सुविधाएं प्रदेश सरकार मुहैया करवाती हैए जो केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को मुहैया करवाई जाती हैं। दलजीत मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनी है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले लगातार तीन बार किसी भी दल या नेता की सरकार हरियाणा में नहीं बनी थी। देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता पूरी तरह से नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा के साथ खड़ी है और आज प्रदेश में भाजपा का कोई विकल्प भी नहीं है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## आधुनिक डिजिटल तकनीक से करवाया अवगत

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के इंटर्नशिप सेल द्वारा इमर्जिंग कंप्यूटर कोर्सेज डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, वीडियो एडिटिंग व वेबसाइट डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। कार्यक्रम की आयोजक डा. उपासना ने बताया कि व्याख्यान आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक डिजिटल तकनीक और पेशेवर कौशल से अवगत कराना है। क्योंकि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में डिजिटल तकनीक का ज्ञान होना न केवल रोजगार के अवसर खोलता है बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम ए डबल्यू मेटैवर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया गया।

**कार्यक्रम** स्कूल प्रवेश उत्सव में दामण, चुंदड़ी के साथ फील्ड में उतरी छात्राएं

# प्राकृतिक शैक्षणिक माहौल देकर छात्रों की दिशा और दशा को बदलने का समय : नवीन ढांडा

- राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन खुर्द में प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन खुर्द में बुधवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि छात्राओं ने सरकारी स्कूल में दाखिले को लेकर हरियाणवी पहनावे दामण तथा चुंदड़ी के साथ गांव में रैली भी निकाली। गांव की गलियों से हरियाणवी पहनावे में निकली छात्राओं का नजारा देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर स्कूल प्रभारी नवीन ढांडा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सरकारी स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिल करवाएं। उन्होंने छात्राओ को सकारात्मक दिशा में मेहनत करते हुए आगे बढने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं ग्रामीण आंचल से जुड़े हुए स्कूलों के प्रति अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने जा रही है। जिसका उद्देश्य गांव के गरीब छात्रों की दिशा और दशा को बदलने का है ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा जीवन में आगे बढ़ सके। भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। जिसका पूर्ण उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। साथ ही स्कूलों में कौशल और तकनीकी शिक्षा देना है। जिससे छात्र रोजगार कि ओर आगे बढ़ें। सरकार इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी स्कूल स्टाफ का कर्तव्य संकल्प है। यह तब संभव होगा जब अधिक से अधिक छात्रों के दाखिले सरकारी स्कूल में करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि गांव के सरकारी स्कूल में मेहनती क्वालीफाई स्टाफ है। बुनियादी ढांचा है। पूरी तरह शैक्षणिक माहौल है। हर प्रकार की सुविध उपलब्ध है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे।




जींद। प्रवेश उत्सव के दौरान दामण पहने छात्राएं। फोटो :हरिभूमि




जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## सुप्रीम स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जींद।** सुप्रीम स्कूल के छात्रों ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त की। छात्र विराज, ईशान, तनिष्क और देव ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं शिवांश दीक्षित, आदि, तश्वी, जितिका, गुनीत, अदिति, रक्षित और चिराग ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया। इसके अलावा परमकुंज और आरव ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। मेधावी छात्रों को प्राचार्य ने सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने सभी छात्र व छात्राओं को संबोधित करते कहा कि सफलता के लिए पहला नियम लक्ष्य तय करना है। लक्ष्य तय करने के बाद उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास करना आवश्यक है। अंत में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरत अत्री ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**



## श्रद्धालुओं ने मां कात्यानी की पूजा अर्चना की

**राजौद।** पावन नवरात्रों के पांचवें दिन मंदिरों में मां के श्रद्धालुओं ने मां कात्यानी की पूजा अर्चना की। श्रद्धालु प्रथम नवरात्रे से ही मंदिरों में सुबह व सांय पूजा अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। नगर के दुर्गा मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर व प्राचीन शिव मंदिर में पूरे नगर से मां के सानिध्य में उपवास करने वाले श्रद्धालुओं को देखकर पुरा वातावरण धार्मिक हो जाना स्व-भाविक ही है।

## महिलाओं ने भजन गाकर मां का गुणगान किया

**कैथल।** चैत्र नवरात्र उत्सव के बीच वीरवार को जिलेभर में मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया है। माता गेट स्थित शीतला माता मंदिर, छोटी देवी मंदिर व बड़ी देवी मंदिर में मां के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी रही हैं। पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी और सुख समृद्धि की कामना की। हनुमान वाटिका में भी शाम के समय महिलाओं ने भजन गाकर मां का गुणगान किया।

## डेरा प्रेमियों ने किया शादी में सहयोग

**कैथल।** कैथल के डेरा प्रेमियों ने जोन 7 में रहने वाली एक जरूरतमंद विधवा महिला सुनील देवी की बेटी की शादी में सहयोग किया। विधवा महिला काम धंधा करके अपनी चार बेटियों और एक बेटे का पालन पोषण कर रही थी। अब बड़ी बेटी की शादी करनी थी तो आर्थिक तंगी के चलते शादी में मुश्किल आ रही थी। ऐसे में उसने डेरा प्रेमियों के सामने अपनी पीड़ा सुनाई। इसके बाद डेरा प्रेमियो व शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सेवादारों ने इस परिवार की मदद करते हुए बेटी के हाथ पीले किए।

## राम का नाम जपने से ही पाप नष्टः आचार्य

**पूंडरी।** श्री पूंडरीक तीर्थ एवं मन्दिर सुधार सभा द्वारा नाग हृदय कुंड पूंडरी में शुरू हुई 8 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा महोत्सव में मुख्य तिथि के रूप में पार्षद डिम्पी ऊर्फ दीपक सैनी ने अपने परिवार सहित भाग लिया। श्री रामकथा कथा वाचक आचार्य संतोष त्रिपाठी ने प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीराम नाम में ही दिव्य शसक्ति और प्रबल प्रभाव है। नाम जपने से ही मनुष्य के पाप कट जाते हैं और उसे मोक्सस की प्राप्ति होती है।

## हुड़दंग बाजी करने के मामले में युवक काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव जाखोली निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपी सुरेश को 2 जुलाई 2020 को शराब पीकर गाली गलोच तथा हुड़दंगबाजी करने के मामले में काबू किया गया था। आरोपी उक्त मामले में जमानत लेने उपरांत कोर्ट में दोबारा हाजिर नहीं हुआ थे व भूमिगत हो गए थे।

## कुपोषण मुक्त अभियान को लेकर बैठक ली

**कैथल।** कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने की। उन्होंने सभी चयनित गांवों में बच्चों के पोषण से संबंधित महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग कुपोषित बच्चों के परिजनों के साथ व्यक्तिगत परामर्श करें ताकि उनमें व्यवहारिक बदलाव लाया जा सके।

### एडीसी ने किया माजरी, महमदपुर, छौत व फ्रांसवाला के स्कूलों का निरीक्षण

# बच्चों को सभी सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध करवाया जाए

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना के तहत खंड स्तर पर चयनित जिला के 22 राजकीय स्कूलों का किया जा रहा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना के तहत खंड स्तर पर चयनित जिला के 22 राजकीय स्कूलों में निरीक्षण किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ने गांव माजरी, महमदपुर, छौत व फ्रांसवाला के राजकीय स्कूलों का निरीक्षण किया और निर्धारित पैमाने पर स्कूलों का आंकलन किया।

एडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना में नियम अनुसार कार्य करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। खंड स्तर पर चयनित 22 स्कूलों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। जिसके आधार पर जिला स्तर पर एक-एक प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का चयन किया जाएगा, जिन्हें सम्मानित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कमेटी ने स्कूल के सौंदर्यकरण के साथ साथ स्कूल शिक्षा स्तर, मिड डे मिल, प्रवेश उत्सव के दौरान दाखिल हुए बच्चों की जानकारी भी ली और संबंधित स्कूल मुखियाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा स्कूलों का निरीक्षण करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक समय पर स्कूल आएं और शिक्षा स्तर में ओर सुधार करें। बच्चों सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक अभिभावकों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाएं। सभी अध्यापक ग्राम पंचायत और एसएमसी के साथ मिलकर सुनिश्चित करें कि उनके गांव में एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस मौके पर डीईओ रामदिया गागट, कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को निजी प्रकाशक की किताबें लेने के लिए बाध्य न करें

- अतिरिक्त उपायुक्त ने ली निजी स्कूल एसोसिएशन की बैठक

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में निजी स्कूल एसो के पदाधिकारियों की बैठक ली और नए सत्र में किताबों आदि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि कोई भी स्कूल संचालक किसी भी अभिभावक व विद्यार्थी को प्राईवेट प्रकाशक की किताबें लेने के लिए बाध्य न करें और न ही स्कूल में किताबें विक्रय करें। अगर कोई भी निजी स्कूल संचालक ऐसा करता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लगवाएं। अभिभावकों को किसी निर्धारित किताबों की दुकान से पुस्तक लेने के लिए स्कूल द्वारा अनुशंसा न की जाए। स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी एडीसी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। इसके अलावा एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत नशे के खिलाफ आयोजित होने वाली साइक्लोथॉन यात्रा में स्वयं भी इसमें भाग लें और विद्यार्थियों की भी अधिक से अधिक भागीदारी करवाएं।



**पूंडरी।** भाकियू नेता मांगों को लेकर ज्ञापन सौपते हुए।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा मांगपत्र

- किसी भी कीमत पर सरकारी मंडी की एवज में अदानी एग्रो साइलो को मंडी घोषित करने की साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा : विक्रम कसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय किसान यूनियन की हलका स्तरीय मासिक बैठक किसान भवन पुंडरी मे जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल व हल्का प्रधान रणधीर बरसाना की अध्यक्षता मे हुई। जिसमे युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व मे मार्किट कमेटी पुंडरी के सचिव गुलाब नैन को जिला उपायुक्त कैथल के नाम किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि किसानों को लूटना और उनको बेवजह परेशान करना, सरकार की नीति बन गई है। हर एक सीजन मे जानबूझकर फसल खरीद शुरू करने मे देरी की जाती है और तय की गई तारीख से भी खरीद शुरू नहीं की जाती। मंडियो मे न बारदाने की व्यवस्था होती और न ही उठान की, जिसका खामियाजा किसानो को भुगतना पडता है। सरकार ने 1 अप्रैल से गेंहू खरीद शुरू करने का ऐलान किया है लेकिन हमेशा की तरह कही उठान के टैंडर नही किए गये तो कही आढतियो को बारदाना तक नही दिया गया।

**नमी और कमी बता लगा रहे चूना**

प्रदेश की अनाज मंडियो में सरकारी बिक्री के लिए पहुंचे सरसों के किसानों को सरकार के अत्याचार के साथ,अब ठगी का भी शिकार होना पड़ रहा है किसानों को सरसों के दानों में नमी और कमी बताकर, 600 रू से 800 रू तक प्रति क्विंटल तक चूना लगाया जा रहा है। सरकारी सिस्टम की नाक के नीचे ठग और दलाल धोखे से किसानों की सरसों की फसल 5200 से 5300 में खरीद कर,उसी फसल को खुद 5950 के रेट पर बेच रहे और किसानों को चूना लगा रहे हैं ! लेकिन सरकार ने एक बार भी इस मामले मे हस्तक्षेप नही किया और ना ही भावांतर के तहत भरपाई करने की सहानुभूति दिखाई।

# श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी

- बाबा बहादुर बन मंदिर में आठ दिवसीय शतचंडी का पांचवा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

नगर के बाबा बहादुर बन मंदिर में आठ दिवसीय शतचंडी यज्ञ के पांचवें दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन यज्ञ में आहुति डालकर मंदिर के साथ-साथ नगर की सुख समृद्धि और वातावरण को भी शुद्ध किया गया। इस बारे महंत तेज गिरी ने बताया कि 30 मार्च प्रथम नवरात्रे से मंदिर में 7 ब्राह्मणों द्वारा सत चंडी पाठ आरंभ किया गया है। जो पूरे आठ दिन तक मंदिर प्रांगण में नगरवासियों की श्रद्धा व आस्था के चलते पूजन कार्यक्रम करवाया जाएगा। दुर्गा अष्टमी के दिन हवन यज्ञ के साथ सत चंडी यज्ञ का समापन होगा व इसी दिन कन्याओं का पूजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यज्ञ के माध्यम से जो पूजा अर्चना का एक मात्र उद्देश्य नगर में सुख शांति व अमन चैन को बनाए रखने के लिए मां भगवती से प्रार्थना करना है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्रों में शतचंडी यज्ञ का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें नगर के सभी लोगों का बढ़.चढकर योगदान मिल रहा है। लोगों की यह श्रद्धा यज्ञ की सफलता व महता को और भी अहम बना रही है।



**राजौद।** मंदिर में आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति देते ब्राह्मण।

## पुरुषार्थ बगैर भाग्य नहीं फलताः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि अटल प्रारब्ध बस कोई व्यक्ति जन्म से अंधा, लंगड़ा, लूला, गूंगा व बहरा, असमर्थ, अपाहिज, मंदबुद्धि, पागल, कुरूप सुंदर हो सकता है लेकिन किसी भी व्यक्ति का समस्त जीवन उसके पूर्व जन्म के भाग्य के अनुसार निर्धारित नहीं किया जा सकता है। क्योंकि किसी भी व्यक्ति को उसके कर्मों का फल मिलने में देश काल पात्र और सामग्री इन चार चीजों का संयोग होना जरूरी होता है। यह संयोग तुरंत हो सकता है। कुछ काल बाद हो सकता है, मृत्यु होने तक हो सकता है तथा मृत्यु होने के बाद किसी भी व्यक्ति का भाग्य इतना शेष नही बचता।

# काफिले को झंडी दिखा रवाना किया

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शुरू किया अभियान : रामफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने जिला प्रधान रामफल दयोहरा की अगुवाई और जिला सचिव अमरनाथ किठानिया के संचालन में जिला मुख्यालय के स्थानीय स्कूलों से नामांकन अभियान चलाने की शुरूआत की। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक सुरेश कौशिक ने नामांकन अभियान के काफिले को डीईओ ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सहसचिव शमशेर कालिया ने बताया कि सरकारी स्कूलों के ढांचे को हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन देकर, अपने पैसों से भवन बनाकर इस उम्मीद से खड़ा किया था कि आने वाली पीढ़ी इनमें शिक्षा ग्रहण करेगी और सरकारी रोजगार प्राप्त करने के साथ बेहतर समाज का निर्माण करेंगी। पर निजी स्कूलों की बनावटी चकाचौंद और सामाजिक दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेज रहे हैं, जबकि हर तरह की सुविधा व प्रशिक्षित शिक्षकों के होते भी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या का कम होना चिंता का विषय है।




**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ नामांकन अभियान चलाते हुए।

## कलायत के मां कात्यायनी शक्ति पीठ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

- चैत्र मास नवरात्रि में सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन

**कलायत।** चैत्र मास नवरात्रि में कलायत के भगवान कपिल मुनि मंदिर आंगन में स्थित मां कात्यायनी शक्ति पीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो जाता है। मंदिर में दूर दराज से आकर श्रद्धालु मां की अखंड ज्योति जला कर पूजा भी करते हैं।

मंदिर पुजारी संजय शास्त्री ने बताया कि कात्यायनी नवदुर्गा के नौ रूपों में छठवां रूप है। वे शक्ति की आदि रूपा है जिसका उल्लेख ग्रंथों में मिलता है। पंडित विशाल शांडिल्य और विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने बताया कि कात्यायनी के नाम पर कलायत पड़ा नामकरण हुआ। कात्यायनी का प्राचीनतम स्थान होने के कारण लोगों की मान्यता है कि कलायत व कात्यायनी एक दूसरे के पूरक हैं।



**कलायत।** प्राचीन भगवान कपिल मुनि मंदिर के आंगन में मां कात्यानी की पूजा करते श्रद्धालु।

# नशा न करने बारे किया जागरूक

- समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर नागरिक करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस की जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा गांव लैंडर कीमा, खेड़ी गुलाम अली, खरकां, समाधा, मांझला, अटैला, नागल व सिरटा में युवाओं सहित मौजिज व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखो परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है जिसकी वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गँवा बैठे है।

समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस द्वारा बेहतर कदम उठाए जा रहे है। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में जनता के सहयोग की जरूरत है। आमजन बिना किसी डर भय के नशीले पदार्थो की तस्करी करने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम पूर्णतया गोपनीय रखा जाएगा। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हर नागरिक को सहयोग करना होगा।



**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

## धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाएं किसानः आर्य

- अन्य फसल अपनाने पर मिलेगी आठ हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

**जींद।** कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब आठ हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जो पहले सात हजार रुपये प्रति एकड़ थी। इतना ही नही किसानों को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि हरको बैंक व अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को फसली ऋण सात प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाता है। परंतु यह ब्याज की राशि चार प्रतिशत हरियाणा सरकार द्वारा तथा तीन प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सब्सिडी देकर टपकन व फव्वारा सिंचाई प्रणाली को अपनाए। उन्होंने कहा कि यह योजना खासतौर पर भूजल के संरक्षण और उसकी सस्टेनेबिलिटी के लिए बनाई गई है ताकि आने वाली पीढियों के लिए जल संकट को रोका जा सके। इस योजना के तहत सरकार ने किसानों को जल संरक्षण के उपायों से अवगत कराया और विभिन्न जल संवर्धन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## 220 शिक्षक व विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया

- राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय जागरूकता कार्यक्रम

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अमिता राणा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के सुमन पांजा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सुमन पांजा ने राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई) के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि यह मंच लाखों डिजिटल पुस्तकों, शोध-पत्रों, ध्वनि-दृश्य संसाधनों और अन्य शैक्षणिक सामग्रियों का भंडार है। जिससे विद्यार्थी और शिक्षक लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय ने राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय क्लब की सदस्यता ग्रहण की और इसके अंतर्गत 220 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया।



**पूंडरी।** जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

**कार्यक्रम** अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पराशर ने अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान किया

# आरकेएसडी कॉलेज में दो दिवसीय विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन

डॉ. जय सिंह एसोसिएट प्रो, इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेस विवि हैदराबाद को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज कैथल के अंग्रेजी विभाग ने दो दिवसीय विस्तार व्याख्यान श्रृंखला का सफल आयोजन पीजी ब्लॉक सेमिनार हॉल में किया। इस अवसर पर डॉ. जय सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेस यूनिवर्सिटी , हैदराबाद, को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. जय सिंह ने डिजिटल युग में साहित्य और साहित्य, रोग और समाजः मेडिकल ह्यूमैनिटीज का परिचय विषयों पर व्याख्यान दिए। उनके विचारोत्तेजक संवादों ने डिजिटल युग में साहित्य की भूमिका और मेडिकल ह्यूमैनिटीज के साथ इसके अंतसंबंधों पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पराशर ने अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.एस. मेहला ने सत्र की अध्यक्षता की और अंग्रेजी विभाग द्वारा इस शैक्षिक पहल की सराहना की। मुख्य वक्ता का औपचारिक स्वागत करते डॉ. राजबीर पराशर ने छात्रों को ऐसे अकादमिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।



**कैथल।** डिजिटल युग में साहित्य और साहित्य पर व्याख्यान में उपस्थित।

**विभाग की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया**

डॉ. विकास भारद्वाज और डॉ. मंजुला गोयल ने व्याख्यानों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ह्इन सत्रों का उद्देश्य साहित्य, तकनीक और मेडिकल ह्यूमैनिटीज के अंतर्संबंधों पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का संचालन एमए इंग्लिश चतुर्थ सेमेस्टर की छात्र समन्वयक कोमल और ज्योति ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. गीता गोयल, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. जयबीर धारिवाल, डॉ. नरेश गर्ग, प्रो. ऋचा लांग्यान, प्रो. अंजलि कुर्रा, डॉ. एस.पी. वर्मा, और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।यह व्याख्यान श्रृंखला छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा अत्यधिक सराही गई, जिसने महत्वपूर्ण विचार-विमर्श को प्रेरित किया और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

## खबर संक्षेप

### गांव कैलरम में रास्ता रोककर की मारपीट

**कैथल।** गांव कैलरम में रास्ता रोककर एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। कैलरम के राकेश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 मार्च को जब रात करीब 9:00 बजे वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही सोनू, मोनू, सलिंद्र और बलवंत ने उसका रास्ता रोककर उसे पर ईंटों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मन्नू ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने एक युवती को भगा ले जाने का मामला दर्ज किया है। राजौंद ुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 अप्रैल को सतीश नामक युवक गांव सेरधा से उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीएम से व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल मिला

**कैथल।** नई अनाज मंडी प्रधान कृष्ण मित्तल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से उनके निवास पर मिला। सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक बार फिर से मंडी प्रधान बनने पर कृष्ण मित्तल को बधाई दी।मुख्यमंत्री से मिलने वालों में हैफेड पूर्व मैनेजर व कैथल अनाज मंडी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, रामनारायण, रोहित खनौरी सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे। मंडी प्रधान कृष्ण मित्तल ने मुख्यमंत्री से कैथल मंडी के व्यापारियों को आ रही समस्या से अवगत करवाया।

#### दूसरे चरण में अब तक 1626 समस्याएं आईं, 845 निपटाईं

# मुख्यमंत्री ने की ऑनलाइन प्रणाली से समाधान शिविर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जींद

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर आयोजित समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय में वीरवार को कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल दून, डीएमसी गुलजार मलिक, सीटीएम आशीष देशवाल सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया गया और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। कार्यवाहक उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर के दूसरे चरण में अबतक कुल 1626 समस्याएं प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 845 मामलों का त्वरित निपटान किया जा चुका है और शेष 358 लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता में शुमार है। सीएम विंडो पर लंबित समस्याओं को लेकर की समीक्षासमाधान शिविर के बाद सीएम विंडो पर लंबित समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कार्यवाहक उपायुक्त ने सभी विभागों से संबंधित लंबित आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों की कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



#### मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन प्रणाली से जुड़ कर प्रदेशभर में आयोजित समाधान शिविरों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अहम पहलू है कि उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आए हुए फरियादियों से बातचीत की और उनकी समस्या के बारे में जानकर उसे दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी समाधान शिविरों में तय किए गए समय पर बैठ कर समस्याओं का दूर करें। समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए। आमजन को अपनी शिकायत को दूर करने के लिए बार.बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की पूर्णतः फीडबैक ली और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का इंद्राज होना चाहिए। इसके साथ-साथ जिन शिकायतों का निपटारा हो जाता है, उसका का भी पूरा ब्यौरा मुख्यालय पहुंचाना सुनिश्चित करें।*



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

# आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को बचाना जरूरी : प्रीति

- गांव व शहर में चलाए जाएं जल बचाओ जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


डीसी प्रीति ने कहा कि दिन प्रतिदिन भूजल स्तर गिरता जा रहा है। अगर हमने अब प्रयास नहीं किए तो एक समय ऐसा आएगा कि हमें पानी की बूंद बंद के लिए तरसना पड़ेगा। इसलिए आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की एक-एक बूंद बचाना जरूरी है। इसे बचाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। केंद्र सरकार की ओर से चलाए गए ह्यजल संचय-जन भागीदारी-जन जागरूकता की ओरह्न अभियान के तहत सभी संबंधित विभाग अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय पर पूरा करें। गांव व शहर में जल बचाओ जागरूकता अभियान चलाए जाएं और इनमें आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। डीसी प्रीति वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जल शक्ति अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जल शक्ति अभियान कैच दी रेन के छठे संस्करण की शुरूआत की गई है। स्कूल, चौपाल, ग्राम सचिवालय, सरकारी भवनों तथा खेतों में रिचार्ज बोरवेल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सोखते गड्ढे बनाए जाएं। जो सिस्टम खराब हालत में पड़े हुए हैं, उन्हें दुरूस्त किया जाए और उनका सही से रखरखाव किया जाए।

# दो और चिकित्सकों ने अस्पताल को किया ज्वाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को भर्ती में मिले 37 चिकित्सकों में से 13 ने ज्वायन कर लिया है। गुरूवार को भी दो चिकित्सकों ने ज्वायन किया। सभी 13 चिकित्सक ओपीडी के साथ-साथ गायनी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड व आप्रेशन थियेटर में कार्यभार संभाल रहे हैं।

सभी नवनियुक्त चिकित्सक सीनियर चिकित्सकों के साथ मिलें, इसके लिए शुक्रवार को अस्पताल परिसर में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नवनियुक्त चिकित्सकों को नैतिकता व कर्तव्यनिष्ठा के पाठ के साथ-साथ सीनियर अधिकारियों से भी मिलवाया जाएगा। इमरजेंसी को मजबूत करने की कवायद जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को रेफरल अस्पताल कह कर पुकारा जाता है। ज्यादा गंभीर मरीज आता है तो तुरंत उसे पीजीआई रोहतक का रास्ता दिखा दिया जाता है। अब नई भर्ती से अस्पताल में 13 चिकित्सकों ने ज्वायन किया है तो उनकी डयूटी इमरजेंसी वार्ड में भी लगाई जा रही है। जिससे इमरजेंसी को मजबूत करने की कवायद शुरू हो गई है। नई ज्वायनिंग में तीन स्पेशलिस्ट भी हैं। इनसे भी इमरजेंसी का कार्य संभलवाया जाएगा ताकि गंभीर मरीज रेफर न हों। आज होगी नवनियुक्त चिकित्सकों की सीनियर अधिकारियों के साथ बैठक नागरिक अस्पताल में ज्वायन किए गए नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक शुक्रवार को सीनियर स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ होगी।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ज्वायनिंग लेते हुए नवनियुक्त चिकित्सक।

#### 13 चिकित्सकों ने कार्यभार संभाला : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि वीरवार को दो ओर चिकित्सकों ने ज्वायन कर लिया है। कुल 13 चिकित्सकों ने अस्पताल में कार्यभार संभाल लिया है। शुक्रवार को सीनियर स्वास्थ्य अधिकारियों व नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक होगी।

# कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में मार्शल आर्ट कक्षाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में विद्यार्थियों के आत्मरक्षा कौशल को विकसित करने और शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट कक्षाओं की शुरूआत की गई है। प्रधानाचार्या निर्मल सिंहरोहा ने बताया कि आज के दौर में आत्मरक्षा हर व्यक्ति के लिए आवश्यक कौशल बन चुका है, विशेषकर छात्राओं के लिए। इन कक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल आत्मरक्षा की तकनीक सिखाना है,बल्कि मानसिक सुदृढ़ता, आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास करना है। मार्शल आर्ट न केवल सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाता है। डॉ. निर्मल सिंहरोहा ने कहा कि मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के शारीरिक,मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होगा। आत्मरक्षा के इस कौशल से वे न केवल अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकेंगे,बल्कि किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम भी होंगे। इस दौरान प्रशिक्षक कोच सिमरन ने कहा की मार्शल आर्ट केवल लड़ने की कला नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# हिमाचल में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआइएलएम युनिवर्सिटी कैथल (हरियाणा) के सहयोग से शरण कॉलेज ऑफ एजुकेषन फॉर वूमेन कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में भारत में शैक्षणिक परिदृष्यः वैष्वीकरण के युग में चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभाआरंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजलन के पशचात हुआ। सेमीनार की कनविनर एवं प्रिसींपल डॉ.सुमन शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य शाह क्षाविदो, अनुसंधानकतार्ओं और विद्यार्थियों के लिए सामूहिक मंच प्रदान करना है। सोवनियर के उद्घाटन के उपरांत एनआईआईएलएम युनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो(डॉ) शमीम अहमद ने अपने वकतव्य में कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उददेष्य सभी को किताबी ज्ञान के स्थान पर मानवीय मूल्यों से अवगत करवाना है। डॉयरैक्टर एवं डीन रिसर्च डॉ. संदीप कुमार ने शिक्षा में अनुसंधान एवं विकास के योगदान पर विचार व्यक्त किए कोऑर्डिनेटर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही मानवीय विकास के द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त किया जा सकता है।

# आंबेडकर भवन की नई कार्यकारिणी को दिलवाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

डॉ भीमराव आंबेडकर सभा नरवाना की नई कार्यकारिणी को प्रशासन ने मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में कब्जा दिलवाया पिछले साल जुलाई में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभा नरवाना का कार्यकाल पूरा होने के बाद हड हॉक कमेटी जिला रजिस्ट्रार द्वारा बनाई गई एड हॉक कमेटी ने विधि अनुसार रिटर्निंग आफिसर नियुक्त करके इलेक्शन की प्रक्रिया शुरू की और रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा2 फरवरी 2025 को इलेक्शन करवा कर चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी गई थी2 फरवरी 2025को चुनाव संपन्न करवा करके वीरेंद्र चोपड़ा को प्रधान दारा सिंह को कैशियर में कश्मीरा को सचिव सर्व समिति से चुन लिया गया लेकिन पूर्व प्रधान जिले सिंह ने नई कमेटी को चार्ज नहीं सोप जिसकी अपील डीसी मोहम्मद इमरान रजा व जिला रजिस्ट्रार को शिकायत दी गई उसके बाद डी सी साहाब व जिला रजिस्टार ने पूर्व प्रधान जिले सिंह को कहा था कि अम्बेडकर सभा का कब्जा छोड़ दे लेकिन पूर्व प्रधान जिले सिह ने प्रशासन के आदेशों की अवेलहना की जिले सिंह ने कब्जा नहीं छोड़ा जिसके बाद हमने हाई कोर्ट चण्डीगढ मे कार्यकाल में आए तो उसने अपील दायर की हाई कोर्ट से डीसी को नोटिस भेज कर जवाब मांगा की नई कमेटी को कब्जा क्यों नहीं दिलवाया जा रहा जिसके बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र को ड्यूटी मेजिस्टेट नियुक्त किया गयाष पिछले महीने 5 मार्च को प्रशासन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभा की नई कमेटी को कब्जा दिलवाने के लिए अंबेडकर भवन पहुंचे लेकिन पूर्व प्रधान जिले सिंह बुलाने पर भी भवन में नहीं पहुंचा पूरा प्रसासन वापस लौट गया उसके बाद फिर नई कमेटी ने अपनी शिकायत डी सी को की उसके बाद एक अप्रैल को ड्यूटी मेजिस्टेट एवं बीडीपीओ जितेदर व जिला रजिस्ट्रार कार्यालय से कुलदीप व एसएचओ पुलिस बल के साथ डॉ अंबेडकर छात्रावास में पहुंचे वहां पर पूर्व प्रधान व नई कमेटी के प्रधान व पूरी कार्यकारिणी ड्यूटी मजिस्ट्रेट जितेंद्र ने पूर्व प्रधान जिले सिंह को चाबी सोपने को कहा लेकिन जिले सिंह ने पूरे शासन की नहीं मानी दफ्तर की चाबी देने से इनकार कर दिया परंतु प्रधान कक्ष की चॉबी न देने पर रजिस्ट्रार द्वारा उच्च अधिकारियों कुलदीप सिंह ने बीडीओ जितेंद्र चौहान वह उच्च अधिकारियों से बात करके प्रधान कक्षा का ताला तुड़वाकर नई कार्यकारिणी को सौंप दिया। प्रशासन द्वारा ताला तुड़वाकर प्रधान के कार्यालय का कब्जा तो अवश्य करवा दिया।



**नरवाना।** कब्जा दिलवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# ऋषिका ने नेशनल कबड्डी में सिल्वर मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

रोहेड़ा की बेटी ऋषिका ने बिहार के गया जिले में आयोजित नेशनल कबड्डी में सिल्वर मेडल जीत कर गांव व माता पिता, जिला, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन किया। गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में सम्मानित किया गया। राजौंद ब्लाक समिति सदस्य शीलू जागलान ने बताया कि गांव रोहेड़ा की बेटी ऋषिका ने गया जी बिहार में आयोजित नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर सिल्वर मेडल जीतकर गांव देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोंच सुरेंद्र ने बताया कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि मनदीप सिंह, कोंच सुभाष चन्द, सुरेंद्र कुमार एनआईएस, कोंच कवी राज, जगदीश,बीरबल फौजी, रघुबीर मास्टर, राजेश मलिक मौजद रहे।



मेडल जीतने वाली बेटी ऋषिका को सम्मानित करते ग्रामीण

### सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर जवान की भर्ती के लिए आठ अप्रैल को लगेगा मेला

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. नीलम ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय में आठ अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती की जाएगी। जींद जिले के समस्त ब्लॉक लेवल पर एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड फतेहगढ़ के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार अधिकारी डा. नीलम ने बताया कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेमी और सुरक्षा सुपरवाइजर की लंबाई 168 सेमी व उम्र 19 से 40 वर्ष, वजन 54 से 95 किलोग्राम होना चाहिए व न्यूनतम वेतनमान 17 हजार से 19 हजार देय रहेगा। उन्होंने बताया कि नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधाएं यथा पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पैंशन, मेडिकल, इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थायी नौकरी मिलेगी। सभी प्रार्थी अपने मूल दस्तावेज आठ अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय जींद में पहुंच कर मेले में भाग लें। रोजगार मेला सायं चार बजे चलेगा।

# किसान सरकारी अनुदान पर मूंग का बीज खरीदने के लिए 20 अप्रैल तक करवाएं पंजीकरण : कंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला- चीका

कृषि विभाग की ओर से किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रीष्मकालीन मूंग के बीज का वितरण किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की उपनिदेशक डॉ. कंचन शर्मा ने दी। वे आज अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने बताया कि किसानों को मूंग का बीज हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केंद्रों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। किसान 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर कृषि विभाग की स्कीमों का एक वर्ष तक लाभ प्राप्त करने से वंचित हो जाएंगे।

#### किसान को 75 प्रतिशत अनुदान राशि जमा करवानी होगी



*कृषि अधिकारी ने बताया कि यह बीज प्राप्त करने के लिए किसानों को 25 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि किसान बीज प्राप्त करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट एग्री हरियाणा डॉट जी.ओ.वी. डॉट इन पोर्टल पर 20अप्रैल तक पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत किसान हरियाणा बीज विकास निगम के बिकी केंद्र पर अधिकतम * एकड़ का बीज प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान यदि खेत में मूंग की बिजाई नहीं मिली, तो किसान को 75 प्रतिशत अनुदान राशि जमा करवानी होगी।*

### लाल डोरे की रजिस्ट्री बंद होने से ग्रामीणों में भारी रोष : रण सिंह

**गुहला- चीका।** सामाजिक कार्यकर्ता रण सिंह अगौंध ने कहा कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटर सरकार ने गांवो में लाल डोरे की रजिस्ट्री करने की मुहिम चलाई थी, जो अधर में लटक रही है, जिसके चलते जिन लोगों की लाल डोरे की जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई, वे लोग रजिस्ट्री करवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। रण यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाल डोरे की रजिस्ट्री अचानक क्यों रोकी गई, जबकि एक घर से दूसरे घर की रजिस्ट्री हो चुकी है और बाजू वाले मकान में रहने वाला इसी फिक्र में उलझ रहा है कि जब मेरे पड़ोसी की रजिस्ट्री हो गई, तो मेरी रजिस्ट्री क्यों नहीं हुई? इस संबंध में जब उन्होंने बीडीपीओ चीका से लाल डोरे की रजिस्ट्री क्यों रोकी गई, इस बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें तो रजिस्ट्री न होने बारे पता ही नहीं है कि लाल डोरे की रजिस्ट्री सरकार द्वारा क्यों बंद की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता रण सिंह ने कहा कि वे मीडिया के माध्यम से उक्त मुद्दे को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैणी के समक्ष उठाते हुए मांग कर रहा हूं कि उनका सरकार से अनुरोध कि उनकी शिकायत पर संज्ञान लिया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

#### रेलगाडिय़ों में चल रही लंबी वेटिंग

### जींद बस अड्डा से सुबह छह बजे बस कटरा के लिए होती है रवाना

# वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालु जम्मू कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाने लगे हैं। इससे कटरा जाने वाली बस में बुकिंग बढऩे लगी है। जींद बस स्टैंड से सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर हर रोज बस जम्मू कटरा के लिए रवाना होती है। जींद से चलकर बस खनौरी, पातड़ा, संगरूर, लुधियाना होते हुए शाम लगभग सात बजे जम्मू कटरा पहुंचती है। इसके बाद अगली सुबह पांच बजे बस जींद के लिए वापस चलती है। जींद से जम्मू कटरा की दूरी 550 किलोमीटर से ज्यादा है और किराया भी लगभग 725 रुपये है। इसके अलावा जींद से जम्मू कटरा जाने वाली ट्रेन नंबर 16031 अंडमान एक्सप्रेस में भी 99 की वेटिंग चल रही है। इसके अलावा हिमसागर एक्सप्रेस में 74 की वेटिंग चल रही है। नवरात्रों में माता वैष्णों देवी धाम जाने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता वैष्णो देवी और भैरो नाथ के दर्शन करने पर ही यात्रा सफल मानी जाती है। मंदिर में माता वैष्णो देवी पिंडी रूप में विराजमान है। नवरात्रों में पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इसके चलते जींद से भी काफी श्रद्धालु जम्मू से काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने जाते हैंए जिसके चलते बस और ट्रेनों में भीड़ चल रही है।



#### नवरात्रि के चलते बस में भीड़

*जींद डिपो के डीआई रामफल शर्मा ने बताया कि यात्री नरवरात्र में माता वैष्णों देवी के दर्शन करने जाते हैं। इसके चलते इन दिनों यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। नवरात्रि के चले जींद से जींद से जम्मू कटरा जाने वाली बस में यात्रियों की भीड़ रहती है।*